Chapter- 10

क्रिया

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- चलना, लिखना, उड़ना, खाना आदि।
- क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है। इसमें प्रत्यय जोड़कर क्रिया शब्द बनाए जाते हैं।
  जैसे- ‘लिख’ से लिखना, ‘पढ़’ से पढ़ना, ‘खा’ से खाना आदि।
- क्रिया के दो रूप है।



- जिस क्रिया के साथ कर्म जुड़ा होता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
  जैसे- बच्चा खाना **खा रहा है**।
  मोहन किताब **पढ़ता है**।
- जिस क्रिया के साथ कर्म जुड़ा नहीं होता उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।
  जैसे- बच्चा **दौड़ रहा है**।
  गीता **सो रही है**।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

आइए, अब लिखें :

१. उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) इस समय घड़ी में चार **बजे** हैं।

ख) बच्चे मेले में झूला **झूल** रहे थे।

ग) समर ने राघव को घड़ी **दी** ।

घ) सड़क पर दो महिलाएँ **जा** रही थीं।

ङ) पक्षियों के घोंसले नहीं **तोड़ने** चाहिए।

२. वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा उनके भेद भी लिखिए।

क) पक्षी **उड़ गए**।	अकर्मक क्रिया
ख) हमें अधिक वृक्ष **लगाने** चाहिए।	सकर्मक क्रिया
ग) हमें बिजली तथा पानी की **बचत करनी** चाहिए।	सकर्मक क्रिया
घ) शेर जंगल में **सो** रहा था।	अकर्मक क्रिया
ङ) हम सभी को अपने आस-पास **सफाई रखनी** चाहिए।	सकर्मक क्रिया

३. निम्नलिखित 'धातुओं' से क्रिया शब्द बनाइए तथा उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(सोच, ले, गा, पहन, रख)

क) सोचना - वह सोच रहा है।

ख) लेना - तुम्हे क्या लेना है ?

ग) गाना - राधा गाना गा रही है।

घ) पहनना - समर ने नये कपड़े पहने हैं।

ङ) रखना - किताब मेज पर रखो।

४. कर्म को क्रिया से मिलाइए।

क) फूल	i) धोना
ख) पत्र	ii) गाना
ग) गेहूँ	iii) लिखना
घ) कपड़े	iv) पकाना
ङ) रोटी	v) उगाना
च) गीत	vi) खिलना

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow